नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 144/2021
Dt-12-4-2021

प्रबंध निदेशक,
भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लि० (नैफेड),
नई दिल्ली।

विषयः– **मधुबनी जिला में दलहन, तेलहन एवं मक्का का क्रय केन्द्र की स्थापना पर विचार करने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिला में मेरे विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र झंझारपुर के किसानों से विमर्श के दौरान यह बात सामने आयी कि दलहन, तेलहन एवं मक्का आदि का सरकारी क्रय केन्द्र द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय होने से यहाँ के किसान इन फसलों के उत्पादन पर विशेष ध्यान देगें जिनसे उनकी आय बढ़े।

बिहार के मधुबनी जिला में पाँच अनुमंडल यथा मधुबनी, जयनगर, बेनीपट्टी, झंझारपुर एवं फुलपरास अवस्थित है। इन अनुमंडलों में पूर्व में अधिक मात्रा में दलहन, तेलहन एवं मक्का की फसल होती थी। वर्त्तमान में इन फसलों का लागत मूल्य अधिक होने एवं सरकारी समर्थन मूल्य से काफी कम कीमत पर किसानों द्वारा व्यापारियों के हाथों विक्रय करने से आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। यद्यपि यह इलाका दलहन, तेलहन और मक्का के लिए उपयुक्त है फिर भी सरकारी क्रय केन्द्र के नहीं होने से किसान इन फसलो के उत्पादन के प्रति उदासीन हैं।

नैफेड द्वारा इन फसलों का क्रय केन्द्र बिहार के सिर्फ तीन जिला, पटना, नालंदा एवं लखीसराय में ही खोला गया है। यदि मधुबनी जिला में भी दलहन, तेलहन एवं मक्का का सरकारी क्रय केन्द्र स्थापित किया जाय तो किसान इससे लाभान्वित होंगे, जिससे फसल विविधीकरण (Crop Divercification) को बढ़ावा मिलेगा। इन नकदी फसलों के उत्पादन एवं उसका उचित मूल्य पर क्रय होने से किसान की आय में बढ़ोतरी होगी एवं माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के किसानों के आमदनी को दोगुणी करने का लक्ष्य हासिल हो सकेगा।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 12.4.21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in